# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

## 3 अप्रील 2023

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**कुल प्रश्न 31**

----

### बांध का जीर्णोद्धार

***401 श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड- ठकराहा के कोइरपट्टी से मोतीपुर तक जमींदारी बांध अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त बांध के जीर्णोद्धार नहीं होने से बांध की बगल की सैकड़ों एकड़ जमीन में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित बांध का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

### सहायता योजना का लाभ

***548 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सहायता योजना के अंतर्गत

आठ हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाता है, जबकि प्रति एकड़ लागत लगभग 50 हजार रुपये होती है;

(ख) क्या यह सही है कि जहां राज्य की ओर से आठ हजार रुपये सहायता दी जाती है, वहीं केंद्रीय फसल सहायता योजना में पूरी लागत के बराबर राशि दी जाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य सरकार केन्द्र के अनुरूप किसान सहायता योजना प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## राहत मुहैया कराने हेतु

*549 **श्री हरि सहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पशु एवं मत्स्य संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्रांक 32-7/2014NDM-01 दिनांक 08.04.2015 एवं बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक 1973 दिनांक 26.05.2015 के द्वारा आपदा संबंधित दिशा-निर्देश निर्गत है, जिसके आलोक में मत्स्य निदेशालय ने विज्ञापन प्रकाशित कर आपदा प्रभावित मत्स्य कृषकों को राहत उपलब्ध कराने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पत्र के आलोक में हजारों मत्स्य कृषक/मछुआरा/ मत्स्यपालक ने राहत हेतु आवेदन समर्पित किया है;

(ग) क्या यह सही है कि आवेदन समर्पित करने के बावजूद राज्य के एक भी मत्स्य कृषक/मछुआरा/मत्स्यपालक को राहत मुहैया नहीं कराया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भारत सरकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्रांक 32-7/2014NDM-01 दिनांक 08.04.2015 एवं बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के पत्रांक 1973 दिनांक 26.05.2015 के द्वारा आपदा संबंधित निर्गत दिशा-निर्देश के आलोक में राज्य के मत्स्य कृषक/मछुआरा/ मत्स्यपालक को राहत मुहैया कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## गुणवत्ता में सुधार हेतु

*550 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बीथो से मंडौल जाने वाली सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि इस सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण भी किया जाना है, जिसकी गुणवत्ता अत्यंत ही खराब है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित सड़क के निर्माण में गुणवत्ता में सुधार हेतु निदेश देना चाहती है?

----

## डाक बंगला के संचालन

*551 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक)ः**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के बाढ़ एवं बख्तियारपुर प्रखंड में डाक बंगला बनकर तैयार हो चुका है, परन्तु उसे उपयोग में लाए जाने हेतु हस्तांतरित नहीं किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में नव निर्मित डाक बंगला का शीघ्र संचालन सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## चहारदीवारी का निर्माण

*552 **श्री संजय पासवान (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिलान्तर्गत श्री कृष्ण उच्च विद्यालय, सिसवां में खेल का मैदान है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय के खेल के मैदान में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण बाहरी असामाजिक लोग मैदान को अपने कब्जे में ले लिए हुए हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र मनरेगा योजना के तहत उक्त विद्यालय के खेल मैदान की चहारदीवारी का निर्माण करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मतदाता बनवाने हेतु

***553 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विधान परिषद् के स्थानीय निकाय के कोटे के चुनाव में मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद् के सदस्य मतदाता होते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त चुनाव में पंच एवं सरपंच मतदाता नहीं होते हैं, जबकि पंच एवं सरपंच भी जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि होते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंच एवं सरपंच को भी उक्त चुनाव में मतदाता बनवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण कबतक

***554 श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत एनएच- 77 धर्मपुर सायकिल दुकान से मैवी बाजार भाया पोसुआ पटनिया सहियारा थाना से होते हुए मेजरगंज प्रखंड तक ग्रामीण कार्य की पक्की सड़क है;

(ख) क्या यह सही है कि बाढ़ के दिनों में जब मेजरगंज का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट जाता है तो यह एक मात्र सड़क है जो मेजरगंज से सीतामढ़ी मुख्यालय से जोड़ती है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सड़क ग्राम पोसुआ में लगभग 1 किलोमीटर तक लखनदेई नदी के तटबंध से गुजरती है जो बाढ़ के कटाव से जर्जर हो चुका है यहां किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में इस सड़क का एनएच-77 से मेजरगंज तक चौड़ीकरण, सिद्धिकरण एवं ग्रामीण क्षेत्र में पी.सी.सी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## ग्रामीण सड़क का निर्माण कबतक

*555 **श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के बलरामपुर प्रखण्ड अन्तर्गत सुप्तीपुर पंचायत के अझरैल प्रधानमंत्री सड़क के अरेल गुमटी तक जाने वाली ग्रामीण सड़क काफी जर्जर अवस्था में है;

(ख) क्या यह सही है कि इस ग्रामीण सड़क का निर्माण कराये जाने से आम लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण सड़क का निर्माण कराये जाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सड़क का निर्माण

*556 **श्री संतोष कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, रोहतास एवं कैमूर):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि कैमूर (भभुआ) जिला के कुदरा प्रखंड ग्राम करमा भगीरथी राम (नहर रास्ता) गजराठी-बैद्यनाथपुर पावन ग्रिड होते हुए ग्राम देवराठ कला में जितेन्द्र यादव के घर से होते हुए केवठी नहर तक 7 किमी. सड़क बिल्कुल ही क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण आवागमन प्रायः अवरूद्ध रहता है;

(ख) क्या यह सही है कि इस रोड का बनना गजराठी ओवरब्रिज से होकर परसबूआ पटना के लिए ग्रामीण जनता एवं यात्रियों के लिए अतिआवश्यक है साथ ही साथ इससे आरा, पटना जाने में सुविधा होगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## कार्रवाई कबतक

***557 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के घोघरडीहा प्रखंडान्तर्गत ग्राम पंचायत राज बसुआरी की मुखिया श्रीमती निर्मला देवी का जिला पदाधिकारी, मधुबनी को संबोधित परिवाद पत्र में वर्णित बिन्दुओं की जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मधुबनी ने अपने पत्रांक- 2545 / जि0पं0, दिनांक- 10.09.2022 के द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, घोघरडीहा को आदेश दिया था;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो प्रखंड विकास पदाधिकारी, घोघरडीहा के द्वारा की गई जांच का परिणाम और निष्कर्ष क्या है और इस दिशा में क्या कार्रवाई की गई है और यदि जांच नहीं की गई तो इसका औचित्य क्या है?

----

## अतिक्रमण से मुक्त

***558 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत भगवानपुर प्रखंड के कार्यालय परिसर में पंचायत समिति की विकास निधि से एक मार्केटिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कॉम्पलेक्स की दुकानों का आवंटन नहीं होने के कारण दुकान एवं कार्यालय परिसर का अतिक्रमण कर लिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि दुकान एवं परिसर के अवैध अतिक्रमण से एक ओर जहां सरकारी राजस्व की हानि हो रही है, वहीं लोगों को कार्यालय, अस्पताल तथा बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाई हो रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि वह प्रखंड कार्यालय परिसर एवं दुकानों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराकर दुकानों का आवंटन कबतक कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सड़क का पक्कीकरण

***559 श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज के भोरे प्रखंड अंतर्गत मानपुर से सकथौली जाने

वाली मुख्य पथ से प्राथमिक मध्य विद्यालय, घोरठा से पश्चिम श्री दामोदर सिंह के घर होते हुए नहर की पटरी पकड़कर लामीचौर हरिजन बस्ती होते हुए गाढ़ी माई के स्थान पर लुहसि पीच सड़क पर मिलती है, जिसका पहले से ईंटीकरण किया जा चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क तीन ग्राम पंचायतों को जोड़ती है और इसकी लंबाई लगभग 5 किलोमीटर है, जिसका पक्कीकरण किया जाना लोकहित में काफी आवश्क है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## संपर्क पथ का निर्माण

***560 श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के सिरदला प्रखंड अंतर्गत ग्राम-चौबे से नहर पर होते SH70 नवाबगंज तक संपर्क पथ का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को 20 किलोमीटर घूम कर सिरदला बाजार जाना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में ग्रामीणों की सहूलियत के लिए उक्त संपर्क पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

***561 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखण्ड अंतर्गत सेमरिया पंचायत ग्राम से सती माई स्थान के सामने सकुचहा नदी में पुल नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नदी में पुल नहीं होने के चलते इस इलाके के निवासियों को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त नदी में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि. के माध्यम से शीघ्र पुल निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भूमि का मुआवजा

***562 प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत अकबरपुर अंचल के ग्राम-डीही एवं रजहत की निवासी चांदो देवी पति स्व. मानिक चंद राम, निरंजन कुमार पिता कपिलदेव मिस्त्री, शहाब जावेद, पिता स्व. एस.एम. कुतुबउद्दीन, बीबी नजमा खातून पति एस.एम. खुर्शीद आलम, तसनीम कौसर पति काजी सैयद मुनअम, शम्भू शरण मिस्त्री पिता स्व. लट्टु मिस्त्री, तासीर जहां पति शहाब जावेद तथा नुसरत जहां पति मसीहउद्दीन आदि अनेक लोगों ने नवादा के जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को आवेदन देकर शिकायत की है कि बिहार राज्य पथ विकास निगम के संवेदक द्वारा राज्य उच्च पथ संख्या 103 (फतेहपुर अकबरपुर, गोविन्दपुर पथ) के चौड़ीकरण का कार्य उनकी रैयती भूमि पर किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि भू-अर्जन की नोटिस दिए बिना रैयती भूमि पर सड़क का कार्य किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रभावित रैयतों को उनकी भूमि का मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सुचारु रूप से आवागमन बहाल कराना

***563 श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत प्रखंड कुचायकोट के एन.एच.-27 से जलालपुर बाजार तक सड़क में भोपता मोड़, ढोढवलिया मोड़ एवं बलथरी मोड़ पर लोहे का रेलिंग लगाकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क अवरूद्ध होने के कारण ट्रैक्टर, ट्रक एवं भारी वाहनों के साथ-साथ ग्रामीण राहगीरों एवं बाजार के व्यापारियों का आवागमन ठप है, जिसके कारण व्यवसायी अन्य जगह पलायन करने को मजबूर हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क पर सुचारु रूप से आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## आवास की मरम्मती

***564 श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **भवन निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शास्त्रीनगर स्थित स्टाफ क्वाटर संख्या – 295/800 एवं राजवंशी नगर स्थित क्वाटर संख्या- 81/400 में कई वर्षों से मरम्मती और रंग-रोगन का कार्य नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त क्वाटरों की चहारदीवारी और गेट भी जर्जर स्थिति में है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आवासों की विशेष मरम्मती एवं रंग-रोगन कार्य कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विशेष प्रोत्साहन योजना पर विचार

***565 डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि योजना आयोग द्वारा मोटा अनाज को श्रीअन्न की संज्ञा देते हुए इसके अधिक से अधिक उत्पादन की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि मोटे अन्न के अधिक उपयोग करने से मधुमेह सहित अन्य बीमारियों की रोकथाम होने की स्वीकारोक्ति वैज्ञानिकों द्वारा भी की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य में मोटे अनाजों के उत्पादन हेतु सरकार द्वारा विशेष प्रोत्साहन की कोई योजना नहीं बनाई गई है;

(घ) क्या यह सही है कि बिहार में मोटे अनाज के उत्पादन की असीम संभावनाएं हैं;

(ड़) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में मोटे अनाजों के उत्पादन हेतु विशेष प्रोत्साहन योजना बनाकर किसानों को सभी प्रकार की सहायता प्रदान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सड़क का निर्माण

***566 श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के नरहिया उत्तरी पंचायत के धबही गांव माधो साह के घर से दक्षिण एन.एच.- 104 तक सड़क जर्जर अवस्था में है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क निर्माण से यहां के आसपास के रहने वाले लोगों को एन.एच.- 104 पर आने-जाने का रास्ता सुगम हो पायेगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लौकही प्रखंड अन्तर्गत धबही गांव साहू टोला से दक्षिण एन.एच.- 104 तक सड़क निर्माण जनहित में कबतक कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## व्यायाम की सुविधा

***567 श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **भवन निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार विधान परिषद् सदस्यों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर, अटल पथ, पटना में GYM, Indoor Statium, Badminton Court एवं Community Hall का निर्माण किए जाने की मांग हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि नवनिर्मित आवासीय परिसर में सदस्यों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से व्यायाम का कोई भी साधन उपलब्ध नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त परिसर GYM, Indoor Stadium, Badminton Court एवं Community Hall की व्यवस्था करने पर विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पदस्थापित करने पर विचार

***568 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बेनीपट्टी और झंझारपुर में दिनांक- 01.02.2023 से कार्यपालक अभियंता का पद रिक्त है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त दोनों कार्य प्रमंडलों में कार्यपालक अभियंता का पद रिक्त रहने के कारण इस स्थान पर विकास का कार्य पूर्णतः बाधित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों कार्य प्रमंडलों में कार्यपालक अभियंता को कबतक पदस्थापित करना चाहती है?

----

## भुगतान कराने पर विचार

***569 श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिला अंतर्गत पातेपुर प्रखंड में पंचायत समिति के

द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त से कार्य किया गया है जो कार्य पूर्ण हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि कार्य पूर्ण होने के उपरांत मापी पुस्तिका होने के बाद भी अभिकर्ता को भुगतान नहीं हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अभिकर्ता को भुगतान कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का शीघ्र निर्माण

*570 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि छपरा जिला अंतर्गत मशरक प्रखंड के मौजा सिकटी खनजहां में स्वीकृत संपर्क पथ (छूटे हुए बसावट) अरविन्द सिंह के घर के पीछे से प्रभुनाथ राय के घर होते हुए खाड़ी तक (दानी बाजार के पास) मुख्यमंत्री ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना के तहत सड़क को स्वीकृत किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी की महत्वपूर्ण परियोजना है कि कोई गांव, टोला बसाबट सड़कों से वंचित न रहे, इस सड़क का लेफ्ट हैबिटेशन एप द्वारा सर्वे किया गया है जिसका सर्वे आईडी 24459 टारगेट हैबिटेशन है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हर गांव और हर टोले की मुख्य सड़क से जोड़ने एवं सुलभ सम्पर्क प्रदान करने के लिए उपर्युक्त सड़क का शीघ्र निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ की मरम्मती

*571 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के चिरैया प्रखंड कार्यालय होते हुए भेलवा तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय होने के कारण आमजनों को काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पी. सी. सी. ढ़लाई का विचार

*572 **श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत एकंगरसराय प्रखंड की पारथु ग्राम पंचायत के वार्ड सं- 04 में मुख्यमंत्री ग्रामीण गली नाली का कार्य जो सात निश्चय योजना के अंतर्गत है, आच्छादित करने एवं अवशेष कार्यों को पूरा नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त बसावटों में गली नाली निर्माण करने हेतु वार्ड सदस्यों के मद में राशि आवंटित अबतक नहीं की गयी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंडों में वर्णित बसावटों में गली नाली निर्माण एवं पी.सी.सी. ढ़लाई का कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भ्रष्टाचार से मुक्त

*573 **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला परिषद् कार्यालय में संविदा पर सहायक अभियंता के रूप में 10 साल पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारी नवल किशोर सिंह पदस्थापित हैं तथा पूर्व में लगभग 40 वर्षों तक नवल किशोर सिंह ने कनीय अभियंता के रूप में बेगूसराय जिला परिषद् कार्यालय में कार्य किया है;

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला परिषद् कार्यालय में विगत दस वर्षों से बार-बार एक ही पदाधिकारी की संविदा पर नियुक्ति होती आ रही है;

(ग) क्या यह सही है कि किसी भी विभाग में एक पदाधिकारी को एक जगह पर मात्र 3 वर्षों का कार्यकाल पूरा करना होता है;

(घ) क्या यह सही है कि एक ही कार्यालय में बार-बार पदस्थापित होने के कारण नवल किशोर सिंह, सहायक अभियंता (संविदा पर नियुक्त) ने बेगूसराय जिला परिषद् कार्यालय को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेगूसराय जिला परिषद् कार्यालय को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

*574 **श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत बांका जिला के बाराहाट प्रखण्ड की सबलपुर पंचायत की एकल सड़क (जो झारखण्ड राज्य को जोड़ती है) पर चंडीडीह में पुल के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार चंडीडीह में पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई कबतक

***575 डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड की कुमरडीह पंचायत के वार्ड नं.- 14 में सेवती, गोल बिगहा से नीम बिगहा तक पईन की खुदाई की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि पईन खुदाई की क्रम में पईन के आहर पर स्थित सैकड़ों पेड़ काट दिए गए;

(ग) क्या यह सही है कि पईन की उड़ाही के बाद पईन के किनारे स्थित 3-4 गांवों में पईन में पुलिया नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को इस पार से उस पार आने-जाने में भीषण कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीणों की सुविधा के मद्देनजर पईन पर पुल का निर्माण एवं अवैध वृक्षों की कटाई करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अतिक्रमण मुक्त कराने पर विचार

***576 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण, जिला- बेतिया, प्रखंड- मधुबनी, ग्राम- पंचायत राज तमकुहां स्थित पंचायत भवन को वहां के दबंग व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमित कर अपने आवास के रूप में प्रयोग में लाया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त दबंगों द्वारा पंचायत भवन के अतिरिक्त अन्य सरकारी भवन भी अतिक्रमित कर रखा गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उप विकास आयुक्त, कार्यालय, बेतिया के पत्रांक- 19, दिनांक- 25.02.2022 द्वारा सरकारी भवन/सम्पत्ति को अतिक्रमणकारियों से तीन दिनों

के अन्दर अतिक्रमणमुक्त कराने हेतु आदेश अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा को दिया गया है, लेकिन अबतक पंचायत भवन को अतिक्रमणमुक्त नहीं कराया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित पंचायत भवन को अविलंब अतिक्रमण मुक्त कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रोन्नति कबतक

*577 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि उपभोक्ता मामले विभाग, भारत के D.O. N.- WM 12(02)/09, दिनांक- 17.04.2009 द्वारा कृषि विभाग, बिहार, पटना को स्पष्ट किया है कि माप-तौल संभाग राजस्व संकलन विभाग न होकर उपभोक्ता संरक्षण विभाग है;

(ख) क्या यह सही है कि कृषि उत्पादन आयुक्त के गो. सं.- 162, दिनांक- 18.04.2006 में माप-तौल संभाग से राजस्व संग्रहण का कोई महत्व नहीं है, बल्कि प्रवर्तन कार्य का महत्व है;

(ग) क्या यह सही है कि माप-तौल निरीक्षक संवर्ग में सहायक नियंत्रक संवर्ग एवं सहायक नियंत्रक संवर्ग से उपनियंत्रक संवर्ग में प्रोन्नति दी गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि कृषि विभाग द्वारा माप-तौल संभाग के पदाधिकारियों पर राजस्व संकलन करने का दबाव क्यों दिया जाता है साथ ही उन्हें प्रोन्नति क्यों नहीं दी जाती है?

----